मौखिक

1) 1 प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) मिट्ठू उदास क्यों था ?

उत्तर- मिट्ठू उदास इसलिए था क्योंकि उसका मित्र हर्ष अपने दादा-दादी के साथ दीपावली मनाने गाँव चला गया था।

ख) हर्ष कहाँ गया था?

उत्तर- हर्ष गाँव गया था ।

ग) मिट्ठू ने माँ से पूछ कर क्या किया ?

उत्तर- मिट्ठू ने अपनी माँ से पूछ - पूछकर अपने मित्र हर्ष को पत्र लिखा ।

घ) घर के पास वाले मैदान में क्या लगा था ?

उत्तर- घर के पास वाले मैदान में मेला लगा था।

ड) मेला देखने कौन-कौन गया था ?

उत्तर-मिट्ठू, रानी ,सीमा और पिंकू मेला देखने गए थे ।

लिखित (प्रश्न उत्तर)

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क)हर्ष को अपने दादा - दादी के पास गए कितने दिन हो चुके थे ?

उत्तर- हर्ष को अपने दादा - दादी के पास गए दस दिन हो चुके थे ।

ख) दीपावली के मेले में मिट्ठू और उसकी मंडली ने क्या क्या देखा ?

उत्तर- दीपावली के मेले में मिट्ठू तथा उसकी मंडली ने सजी धजी दुकाने, रंग - बिरंगे बल्ब, लक्ष्मी जी की तस्वीरें , नुक्कड़ नाटक और झूले आदि देखें ।

ग) नुक्कड़ नाटक में क्या दिखाया जा रहा था?

उत्तर- नुक्कड़ नाटक में राम रावण के युद्ध के बाद श्री राम के अयोध्या लौटने पर उनके स्वागत का दृश्य दिखाया जा रहा था ।

ङ) मिट्ठू अपने मित्र को क्या बताना चाहता था और क्यों ?

उत्तर- मिट्ठू अपने मित्र को मेले के बारे में बताना चाहता था जिससे वह जल्दी वापस आ जाए और सभी मिलकर दीपावली मनाएं।

ड) इस पाठ से आपने क्या सीखा ?

उत्तर - इस पाठ से हमने सीखा कि त्योहार जीवन में खुशी और सौहार्द बढ़ाते हैं इसलिए हमें मिल जुलकर रहना चाहिए और खुशी से त्योहार मनाने चाहिए ।